आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. पीएम विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा योजना का लाभ उठाकर उ़द्यमी और व्यापारी बने शिल्पकार।
2. वाराणसी और प्रयागराज में गंगा, यमुना की लहरों पर शुरू होगा वाटर लेजर शो।
3. प्रदेश में छब्बीस सितम्बर से दो अक्टूबर तक लगातार एक सौ पचपन घंटे का चलेगा सफाई अभियान। नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने की तैयारियों की समीक्षा।
4. बाढ़ प्रभावित जनपदों में राहत और बचाव कार्य जारी। संतकबीनगर में प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मिर्जापुर में नंदगोपाल नंदी और फर्रूखाबाद में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया निरीक्षण।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिल्पकारों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनें। श्री मोदी कल महाराष्ट्र के वर्धा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परंपरागत कौशल को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परम्परागत व्यवसाय का उत्पादन बढाने के लिए लाभार्थियों को आधुनिक उपकरण प्रदान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत बिना किसी गारंटी के तीन लाख रूपये तक का ऋण दिया जाता है।

***अब तक साढ़े छह लाख से ज्या दा विश्वकर्मा बन्धुओं को आधुनिक उपकरण भी उपलब्धं कराए गए हैं। इससे उनके उत्पादों की क्वालिटी बेहतर हुई है, उनकी उत्पादकता बढ़ी है। मुझे खुशी है कि एक साल के भीतर–भीतर विश्वकर्मा भाई–बहनों को 14 सौ करोड़ रुपये का लोन दिया गया है, यानी विश्वकर्मा योजना हर पहलू का ध्यान रख रही है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के अधिकतर लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। उधर पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर कल प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। अयोध्या, सोनभद्र, कौशाम्बी, बागपत और कानपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। अयोध्या में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कानपुर में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सोनभद्र में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और कौशाम्बी में राकेश सचान शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को सुना गया और पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कानपुर देहात के ग्राम गंदेल के लाभार्थी लाखन विश्वकर्मा ने बताया.....

***17 सितम्बर को मोदी जी के पास गये थे तो उन्होंने अपबोट पुरस्कार देकर सम्मानित किया था और मैं आज बहुत खुश हूं। उन्होंने पूछा था कि कहा के रहने वाले हैं, मैने बोला ग्राम गंदेल कानपुर देहात। धंधा बढ़िया चल रहा है काम भी अच्छा है आगे और भी बढ़ाने का इरादा है।***

योजना के एक अन्य लाभार्थी सोनभद्र जनपद के आशीष कुमार ने बताया.......

***बहुत सारे लाभ है जैसे हमें लोन चाहिये, लोन भी मिलता है वह भी कम ब्याज पर। हमें सर्टिफिकेट भी मिलता है एक गरीब के लिये बहुत ही अच्छा है। बिजनेस के प्वाइंट ऑफ यू से देखा जाये तो।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ आजीवन भारतीयता के मूल्यों और आदर्शों के लिए लड़ते रहे। उनके विचारों और कृतित्वों से हमें आज भी निरतंर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर मे आयोजित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सनातन धर्म की विशेषता बताते हुए कहा कि यह धर्म इतना महान है कि आक्रांताओं को भी सद्भावना के साथ विदा करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सभ्य और समर्थ समाज के लिये पहली आवश्यकता शिक्षा की होती है, इसी उद्देश्य को समझते हुए महंत दिग्विजयनाथ ने वर्ष उन्नीस सौ बत्तीस में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नीव रखी थी।

**********

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी और प्रयागराज में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिये वाटर लेजर शो का आयोजन किया जायेगा। प्रयागराज में यमुना बोट क्लब के पास और काशी में वाराणसी घाट पर वाटर लेजर शो के लिये जरूरी सिस्टम लगाये जायेंगे। पर्यटक इससे गंगा, यमुना की लहरों के साथ विजुअल एवं साउंड इफेक्ट का आनन्द ले सकेंगे। प्रयागराज में पर्यटक यमुना के दर्शन के साथ महाकुंभ के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकेंगे। जिन स्थानों पर वाटर लेजर शो की व्यवस्था की जा रही है, उसमें काली घाट, नमामि गंगे घाट, मौजागिरी घाट, बोट क्लब और त्रिवेणी दर्शन घाट शामिल है।

**********

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में छब्बीस सितम्बर से दो अक्टूबर तक एक सौ पचपन घंटे का लगातार सफाई अभियान चलाया जायेगा। इसके लिये सभी निकायों को अभी से तैयारियां पूरी कर लेने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि

कहीं पर भी साफ–सफाई और स्वच्छता में कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन निकायों के मुख्य मार्गों और द्वार पर गंदगी और कूडे का ढेर दिखेगा, वहां के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। नगर विकास मंत्री कल वर्चुअल माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा कर रहे थे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गये हैं। केन्द्र की एनडीए सरकार ने इस दौरान गरीब किसान, युवा और महिला शक्तिकरण के लिये कई कदम उठाये हैं। सरकार ने गरीबों के लिये तीन करोड़ पक्के घर बनाने की योजना बनाई है। साथ ही नौजवानों के लिये दो लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज की भी घोषणा की है। इसके साथ ही पिछले दिनों केन्द्र सरकार, सरकारी कर्मचारियों के लिये पेंशन योजना भी लेकर आई हैं। सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए राजनीतिक विशलेषक कलानिधि मिश्रा ने आकाशवाणी को बताया कि–

***सौ दिन का कार्यकाल जो सरकार की योजनाओं को लागू करने का जो प्रयास रहा वह बहुत अच्छा रहा। सौ दिनों में सरकार ने कई बड़े काम किये है जैसे लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत की है। करीब–करीब इन सौ दिनों में तीन लाख करोड़ रुपये की सरकार ने इंफ्रास्क्टचर पर खर्च किये हैं। भविष्य में हमारे विदेश व्यापार को ही नहीं देशी व्यापार को भी आगे बढ़ाने में बहुत मददगार हो गया है। इसी तरह से कई परियोजनाएं है, जो सरकार ने जोड़ा जैसे 49 हजार करोड़ रुपये की लागत से 25 लाख गांवों को जोड़ने की योजना है। 50 हजार करोड़ की लागत से सड़कों को करने का ये सारी चीजे 100 दिनों के भीतर हुई और ओवरआल अगर देखा जाये तो सरकार ने 100 दिनों में योजना बना करके विकास के रास्ते में चली काफी अच्छा रहा है।***

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली यानी आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से निस्तारित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस की राज्य स्तर से लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें निस्तारित होने वाली शिकायतों में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का स्तर करीब पैंसठ प्रतिशत है। उन्होंने अधिकारियों को इसे और बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव कल वर्चुअल मध्यम से आईजीआरएस मामलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण जरूरी है, उनमें अधिकारी मौके पर जरूर जाएं।

**********

अनियमित वेतन भुगतान को लेकर बलिया के तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह को निलम्बित कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के निर्देश पर शासन ने यह कार्रवाई की है। रमेश सिंह को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज से सम्बद्ध किया गया है और मामले की जांच माध्यमिक शिक्षा सचिव भगवती सिंह को सौंपी गयी है।

**********

प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित करीब 26 जनपदों में प्रशासन द्वारा बचाव कार्य के साथ ही राहत सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। संतकबीर नगर जिले की धनघटा तहसील में कल प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और मिर्जापुर के हरसिंहपुर में औद्योगिक विकास मंत्री, नंदीगोपाल गुप्ता नन्दी और फर्रूखाबाद में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के साथ ही राहत सामग्री का वितरण किया। इसी क्रम में बहराइच, उन्नाव, वाराणसी, बस्ती और गोरखपुर समेत कई जिलों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की।

**********